स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 14.07.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ निगम क्षेत्र में चल रहे शासकीय योजनाओं के निर्माण कार्य अमृत मिशन पेयजल योजना के फिल्टर प्लांट, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्टेडियम तथा उद्यान का जिलाधीश उमेश अग्रवाल, आयुक्त के0एल0 चौहान ने अधिकारियों के साथ स्थल अवलोकन कर निर्माण कार्य में उपयोग हो रहे सामग्री के गुणवत्ता की जांच के साथ निर्माण में लगे मजदुरों के वेतन के संबंध में जानकारी प्राप्त किया।

कलेक्टर उमेश अग्रवाल, आयुक्त के0एल0 चौहान प्रातः 9 बजे नेहरु नगर चौक पर अमृत मिशन पेयजल योजना के अंतर्गत निर्माण हो रहे फिल्टर प्लांट का अवलोकन करने पहुंचे। उन्होने पुरे निर्माण स्थल का भ्रमण कर तकनिकी जानकारी प्राप्त किया, और निर्माण कार्य में उपयोग हो रहे सामग्री की गुणवत्ता के संबंध में अधीक्षण अभियंता सत्येन्द्र सिंग से जानकारी लिये। कलेक्टर ने ईंट का स्वयं क्वालिटी परीक्षण किया। उन्होने आयुक्त को फिल्टर प्लांट के रिक्त भूमि पर पौधा रोपण करने को कहा। फिल्टर प्लांट के निर्माण में लगे मजदुरों को दिये जा रहे वेतन के संबंध में निर्माण एजेंसी से चर्चा किये। आयुक्त ने कलेक्टर को जानकारी देते हुए बताया कि अमृत मिशन योजना भिलाई के लिए पेयजल योजना फेस–02 है जिसे वर्ष 2048 में शहर की बढ़ने वाली आबादी एवं उसके घनत्व को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जिसका कार्य द्रुत गति से जारी है। वहॉ से कलेक्टर सीधे आम्रपाली कालोनी में बन रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के भवनों का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होने मकान का ड्राईंग एवं डिजाईन की जानकारी लेकर निर्माणाधीन भवन का अवलोकन किया। निर्माण एजेंसी को कहा कि मॉडल हाऊस 12 युनिट का निर्माण आगामी 15 अगस्त तक पूर्ण कर अवलोकन के लिए तैयार कर लें। योजना के इंजीनियर डी.के. वर्मा से कहा कि नाले के किनारे वृहद वृक्षारोपण इसी वर्षा ऋतु में कर लेंवे ताकि इसका लाभ आगे जाकर मिल सके। कलेक्टर ने निर्माण में उपयोग हो रहे सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने को कहा।

सेक्टर 01 में बने विजय पार्क तथा स्टेडियम का भी अवलोकन कलेक्टर श्री अग्रवाल ने किया। विजय पार्क के रखरखाव के बारे में उन्होने कहा कि पार्क के आसपास रहने वाले जनता की भागीदारी इसके रखरखाव में होना चाहिए इसके लिए लोगों को प्रेरित करें। मौके पर उपस्थित वार्ड पार्षद वशिष्ट नारायण मिश्रा ने बताया कि जन भागीदारी से ही माली व चौकीदार नियुक्त कर इसका रखरखाव किया जा रहा है। जिलाधीश ने सेक्टर 01 स्टेडियम को इंडोर स्टेडियम के तर्ज पर सम्पूर्ण मैदान में टॉप लगाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने को कहा। सेक्टर–02 बास्केट बॉल मैदान को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने के लिए एस्ट्रोग्रास लगाने का सुझाव दिया। उन्होने टाउनशीप के सभी मुख्य सड़को पर फेमसाईट लगाने का भी सुझाव दिया। श्री अग्रवाल एवं आयुक्त श्री चौहान नेवई क्षेत्र का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया, पश्चात् जिलाधीश निगम के मुख्य कार्यालय सुपेला पहुंचे जहॉ उन्होने निगम के इंजीनियरों के साथ बैठक कर क्षेत्र में होने वाले अवैध निर्माण पर शक्ति से रोक लगाने को कहा।

जो भवन स्वीकृत नक्शे के अतिरिक्त निर्माण हुए हैं उन्हे समय रहते नियमितिकरण के परिधि में शामिल कर आवेदन जमा करवाने के लिए नागरिकों को प्रेरित करने को कहा। झुग्गी बस्तियों में द्रुषित पेयजल की आपूर्ति न हो इसके लिए सड़े गले पाईप लाईन का तुरंत संधारण करने के साथ ही हैण्ड पम्पों की जांच करने को कहा। कलेक्टर ने बैठक में राष्ट्रीय आजिविका मिशन के मेनेजरों से कहा कि निगम के 70 वार्डों के मोहल्लों में भ्रमण कर लोगों की आवश्यकता के आधार पर योजना तैयार करने को कहा। तथा लोगों के लिए रोजगार चयन के अवसर प्रदान करने केम्प आयोजित करने के निर्देश दिये।

भ्रमण में जिलाधीश उमेश अग्रवाल के साथ आयुक्त के0एल0 चौहान, अधीक्षण अभियंता आर0के0 साहू, सत्येन्द्र सिंह, जनसम्पर्क अधिकारी अशोक पहाड़िया, कार्यपालन अभियंता बी0के0 देवांगन,उद्यान अधिकारी प्रशांत शुक्ला, सहित अन्य अधिंकारी उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी